स्व. गुलाब सिंह शिक्षा प्रसार समिति की बैठक दिनांक 21/06/2018 का कार्यवृत्त

दिनांक 13/06/2018 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 21/06/2018 को स्व. गुलाब सिंह शिक्षा प्रसार समिति, बरमूपुर, औरैया को प्रबन्ध समिति की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष श्रीमती कमलेश कुमारी की अध्यक्षता में स्व. गुलाब सिंह शिक्षा प्रसार समिति के बैठक कक्ष में प्रातः 11.00 बजे निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक में बैठक आरम्भ हुई।

एजेण्डाः-

1- कार्यकारिणी की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।

2- डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।

3- अन्य विषय अध्यक्ष जी की अनुमति से।

क्रमांक	नाम	पद	हस्ताक्षर
1-	श्रीमती कमलेश कुमारी	अध्यक्ष	
2-	श्री शिव कुमार	उपाध्यक्ष	
3-	श्री विश्वनाथ सिंह	प्रबन्धक/सचिव	
4-	श्री महेन्द्र प्रताप	कोषाध्यक्ष	
5-	श्री मुन्ना सिंह उर्फ रंजीत प्रताप सिंह	निरीक्षक	
6-	श्री तुकमान सिंह	सदस्य	
7-	श्री नरेन्द्र सिंह	सदस्य	

गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुये अध्यक्ष महोदया ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुईः-

प्रस्ताव-1- कार्यकारिणी की पिछली बैठक कार्यवाही प्रबन्धक/सचिव श्री विश्वनाथ सिंह ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

प्रस्ताव-2- श्री शिव कुमार, उपाध्यक्ष जी ने यह प्रस्ताव किया कि समिति द्वारा ग्राम-फरीदपुर, जिला-औरैया में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन किया जाना समाज हित में आवश्यक प्रतीत होता है।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से ग्राम-फरीदपुर, जिला-औरैया में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु प्रबन्धक/सचिव श्री विश्वनाथ सिंह को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे-भूमि, भवन,

अध्यक्ष
स्व0गुलाब सिंह शिक्षा प्रसार समिति

प्रबन्धक
स्व0गुलाब सिंह शिक्षा प्रसार समिति
बरमूपुर-औरैया

फर्नीचर, बेतन, आदि मदों में व्यय हेतु ट्रस्ट के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी प्रबन्धक/सचिव श्री विश्वनाथ सिंह को अधिकृत किया गया।

<u>**प्रस्ताव-3-**</u> श्री महेन्द्र प्रताप, कोषाध्यक्ष ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु 'श्री गुलाब सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी' (Shri Gulab Singh College of Pharmacy) नाम प्रस्तावित किया।

<u>**अनुमोदन-**</u> उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम 'श्री गुलाब सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी' (Shri Gulab Singh College of Pharmacy) रखने का समर्थन किया।

<u>**प्रस्ताव-4-**</u> श्री मुन्ना सिंह उर्फ रंजीत प्रताप सिंह, निरीक्षक ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावि कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा ग्राम-फरीदपुर, जिला-औरैया की भूमि गाटा नं./क्षेत्रफल-337/1.457 हेक्टेयर जो कि समिति के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, में से कुल 0.8318 हेक्टेयर (2.055 एकड़) को उक्त प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज हेतु चिन्हित कर दिया जाय।

<u>**अनुमोदन-**</u> उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरान्त सर्व सम्मति से ग्राम-फरीदपुर, जिला-औरैया की भूमि गाटा नं./क्षेत्रफल-337/1.457 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में से कुल 0.8318 हेक्टेयर (2.055 एकड़) को 'श्री गुलाब सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी' (Shri Gulab Singh College of Pharmacy) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा प्रबन्धक/सचिव श्री विश्वनाथ सिंह को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।

अन्य विषय/प्रस्ताव न होने की स्थिति में अध्यक्ष को धन्यवादोपरान्त सभा की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष
स्व०गुलाब सिंह शिक्षा प्रसार समिति
बरमूपुर-औरैया

प्रबन्धक
स्व०गुलाब सिंह शिक्षा प्रसार समिति
बरमूपुर-औरैया